तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अभिषेक दहिया बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 17/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
31/07/2024	अपीलार्थी अभिषेक दहिया निवासी ग्राम पोस्ट सोयला, जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 10.02.2024 आनलाईन इनवर्ड क्रमांक 1368876048 में चाही गई सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 1632 दिनांक 15.03,2024 बतलाया कि प्रार्थी का आवेदन जरिये पत्रांक 1513 दिनांक 12.02.2024 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण को अंतरित किया, जिसकी सूचना प्रार्थी को पत्रांक 1514 दिनांक 12.02.2024 से प्रेषित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) के स्तर से अपेक्षित नही होकर लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण) के स्तर पर लंबित है। अतः अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे अन्यथा नही दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत करावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	